BSES YAMUNA

Shakti Kiran Building, Karkardooma, New Delhi-110 092

फैक्ट्री मालिकों को बिजली चोरी के जुर्म में 2 साल की कैद

4 लाख का जुर्माना, जुर्माने का भुगतान करने पर ही आ पाएंगे जेल से बाहर

** शाहदरा स्थित फैक्ट्रियों के दोनों मालिक 23 किलोवॉट बिजली की चोरी कर रहे थे *ऑटो पाट्‌र्स बनाने व इलेक्टोप्लेटिंग के लिए हो रहा था चोरी की बिजली का इस्तेमाल*

नई दिल्ली, 17 अप्रैल, 2007। एक महत्वपूर्ण फैसले में पटपड़गंज स्थित बिजली की स्पेशल कोर्ट ने दो फैक्ट्री मालिकों - जगदीश सिंह और राजेन्द्र कुमार को बिजली चोरी के जुर्म में दो साल के लिए तिहाड़ जेल भेज दिया है। यदि वे बीच में 4 लाख रूपये जुर्माने की राशि का भुगतान कंपनी को कर देते हैं, तो जेल से रिहा हो जाएंगे। कोर्ट ने जगदीश को आदेश दिया है कि वह कंपनी को 3.3 लाख रूपये जुर्माने के तौर पर भुगतान करे, वहीं राजेन्द्र को 88 हजार रूपये जुर्माना चुकाने के निर्देश दिए गए हैं।

दरअसल, 13 जून, 2003 को बीएसईएस एन्फोर्समेंट टीम द्‌वारा किए गए निरीक्षण में जगदीश सिंह को 18 किलोवॉट और राजेंद्र सिंह को 5 किलोवॉट बिजली की चोरी करते हुए पकड़ा गया था। ये दोनों मीटर को बायपास करके बिजली की चोरी कर रहे थे। जांच में पता चला कि बीएसईएस के बिजली मीटर को डिसकनेक्ट कर छोड़ दिया गया था। राजेंद्र कुमार जहां चोरी की बिजली का इस्तेमाल इलेक्ट्रोप्लेटिंग के लिए कर रहे थे, वहीं जगदीश सिंह ऑटो पाट्‌र्स बनाने के लिए चोरी की बिजली का उपयोग कर रहे थे।

बीएसईएस ने बिजली कानून, 2003 के तहत जगदीश सिंह पर 3.3 लाख रूपये और राजेंद्र कुमार पर 88, 779 रूपये का जुर्माना किया था। दोनों ही आरोपियों ने तय समय- सीमा के भीतर जुर्माने का भुगतान नहीं किया। इसके बाद, बीएसईएस ने गाकुलपुरी पुलिस थाने में एफआईआर (नंबर 238/03) दर्ज कराई। 2 मई, 2006 को बीएसईएस और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त रूप से स्पेशल कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया।

इस बीच, जनवरी 2005 से अब तक बीआरपीएल ने बिजली चोरी के 1300 मामले स्पेशल कोर्ट में दर्ज कराए हैं, और बीवाईपीएल ने 2000 मामले। 160 से अधिक लोगों को स्पेशल कोर्ट द्‌वारा जेल भी भेजा जा चुका है। जुलाई 2002 से, बीएसईएस ने बिजली चोरी के 53,000 मामले पकड़े हैं और 3.17 लाख किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी है।

प्रवक्ता का कहना है कि डीटी मीटरिंग, ज्यॉग्राफिकल इंफॉर्मेशन सिस्टम आदि आधुनिक तकनीक से तो बिजली चोरी पकड़ने में मदद मिल ही रही है, साथ ही ईमानदार उपभोक्तापओं द्‌वारा दी जा रही सूचनाओं से भी हमें सहायता मिल रही है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्‌ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

प्रशान्त दुआ- 39999870/ 9312007822
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस

चंद्र पी कामत- 39999088/ 9350130304
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस